आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 09.01.2026 समय : 02.10pm

पीएम-प्रवासी दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि प्रवासी भारतीय, भारत और विश्व के बीच एक मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीयों ने देश से जुडे रहकर जहां भी गए है, वहां के समाजों को समृद्ध किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे राष्ट्रदूत हैं, क्योंकि उन्होंने भारतीय संस्कृति को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने देश के प्रवासी भारतीयों को भारत के और करीब लाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

पुरस्कार समारोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में आज राजधानी भोपाल में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 19वां डॉ. वाकणकर राष्ट्रीय पुरस्कार प्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. यशोधर मठपाल को प्रदान किया। जिसे पाकर श्री मठपाल से आभार व्यक्त किया

कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान श्री यादव ने बताया कि रातापानी अभ्यारण्य का नाम , विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर करने का निर्णय सरकार ने लिया है ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा कुम्हार के चाक पर स्वयं शिवलिंग की प्रतिकृति का निर्माण कर भारतीय संस्कृति, कला एवं शिल्प परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से नेशनल आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम, यानी एनआईडीएमएस को संबोधित किया। गृह मंत्री ने कहा कि यह एक सुरक्षित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसमें वर्ष 1999 से अब तक हुए सभी बम विस्फोटों का डेटा उपलब्ध है। इस सिस्टम के जरिए देश के किसी भी हिस्से में हुए विस्फोट की जानकारी को स्टोर किया जा सकेगा और जरूरत पड़ने पर राज्यों को जांच से जुड़े जरूरी दिशा-निर्देश मिल

सकेंगे। उन्होंने बताया कि एनआईडीएमएस के माध्यम से बम विस्फोटों का सटीक विश्लेषण, बेहतर जांच और आपसी जानकारी साझा करना आसान होगा। इससे देश की आंतरिक सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री सीधी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सीधी जिले के बहरी में आयोजित कार्यक्रम में 201 करोड़ 64 लाख रुपये के 209 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री 68 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 179 कार्यों का लोकार्पण और 133 करोड़ 62 लाख रुपये के 30 कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही

"एक बगिया मां केनाम" योजना केअंतर्गत 505 हितग्राहियों को 11 करोड़ 58 लाख रुपये की राशि का लाभ दिया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के हितग्राहियों के लिए प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण भी आयोजित किया जाएगा, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचेगा।

मौसम

घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है। आज सुबह ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के 17 जिलों में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। कोहरे के कारण दिल्ली से भोपाल, इंदौर और उज्जैन आने–जाने वाली 12 से अधिक ट्रेनें देरी से चलीं। मौसम विभाग ने दतिया और रीवा समेत 7 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। खजुराहो प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मुरैना में ठंड के चलते कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को भी कोहरे का असर बना रह सकता है।

समाचार संक्षेप में &

- जबलपुर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन परिसर में आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- नर्मदापुरम में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित सेवा सप्ताह के तहत शासकीय गर्ल्स स्कूल कल स्वच्छता संदेश पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- डिंडोरी में रेम्प योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज एमपीटी, जोगी टिकरिया, में किया जा रहा है जिसमें एम एस एम ई डेवलेपमेंट पॉलिसी लैंड रूल्स एवं ई कामर्स विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे।

....